खाटू वाले का ग़ुलाम | By Pawan Chauhan

मैं तो खाटू वाले का दिल से गुलाम हो गया
इनके करम से मेरा दुनिया में नाम हो गया
मैं तो खाटू वाले का..............

हां सच्ची सरकार है दुखियों के गम खार है श्याम
खाली झोली भरते हैं सब पर करम वह करते हैं
जब भी पुकारा मैंने पल में इंतजाम हो गया
मैं तो खाटू वाले का..............

रहमत दर से बरसती है दुनिया दरस को तरसती है
मारा मारा फिरता था गिरता कभी संभालता था
इनकी शरण में आकर हर एक काम हो गया
मैं तो खाटू वाले का..............

खाटू नगरिया प्यारी है स्वर्ग से सुंदर न्यारी है
हर ग्यारस पर जाता हूं मस्त मलंग हो जाता हूं
चरणों में श्याम जी के मेरा भी प्रणाम हो गया
मैं तो खाटू वाले का..............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%97%e0%a4%bc%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-pawan-chauhan/